नए कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने संभाला पदभार, कहा-रोस्टर क्लीयरेंस जारी

कृषि विभाग में 866 बीएओ समेत नौ हजार पदों पर होगी बहाली, किसानों को डीजल अनुदान शीघ्र

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

कृषि विभाग में अधिकारी से लेकर तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के 9 हजार पदों पर बहाली होगी। बिहार कृषि विवि और इससे जुड़े कृषि और उद्यान कॉलेजों में 311 सहायक प्रोफेसर और गैर शैक्षणिक कर्मियों के 883 सहित 1194 पद शामिल हैं। 866 प्रखंड कृषि पदाधिकारी, 1469 कृषि समन्वयक, 358 प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, 2166 किसान सलाहकार, 230 उद्यान सेवक, भूमि संरक्षण के तहत अमीन सहित 228 पदों पर नियुक्ति होनी है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक उद्यान और सहायक निदेशक कृषि इंजीनियरिंग के 89 पद हैं। 288 प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) और 587 कृषि सहायक तकनीकी प्रबंधक के पद भी शामिल है।

कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने कृषि विभाग को कार्यभार संभालने के बाद मीडिया को बताया कि कृषि स्नातक सहित योग्य युवाओं को कृषि विभाग में 9 हजार पदों पर नियुक्ति जल्द की जाएगी। कुछ पदों के रोस्टर क्लियरेंस हो चुके है, जबकि अन्य पदों के कार्रवाई तेज कार्रवाई तेज की जाएगी। कृषि सचिव डॉ. एन. सरवण कुमार ने गुलदस्ता देकर विभाग में स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि 14 जिलों में कम रोपनी हुई है। कम बारिश के कारण फसल बचाने के लिए अभी तक 5.94 लाख किसानों को 83.99 करोड़ डीजल अनुदान दिए गए हैं। अगले कैबिनेट में डीजल अनुदान के लिए100 करोड़ की राशि प्रस्ताव स्वीकृत करा किसानों को भेजे जाएंगे।

इन पदों पर की जाएगी भर्ती

- 1469 कृषि समन्वयक
- 866 प्रखंड कृषि पदाधिकारी
- 358 प्रखंड उद्यान पदाधिकारी
- 311 सहायक प्रोफेसर कृषि कॉलेज
- 883 गैर शैक्षणिक कर्मियों के पद
- 2166 किसान सलाहकार
- 230 उद्यान सेवक
- 228 भूमि संरक्षण के तहत अमीन
  89 सहायक निदेशक उद्यान व अन्य
- 288 प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम)
- 587 कृषि सहायक तकनीकी प्रबंधक के पद
- 1525 अन्य पद